दिवाली महोत्सव का आयोजन

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान, सेक्टर 31, चंडीगढ़ के द्वारा संस्थान परिसर में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रिंसिपल- सह संस्थान के निदेशक डॉ. जसविंदर कौर थीं। उन्होंने इस अवसर पर यहां के विद्यार्थियों एवं स्टाफ के द्वारा तैयार की गई नृत्य एवं गीत संबंधित प्रस्तुति की सराहना की। इस अवसर पर संस्थान के कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी मुख्य रूप से 3 तरह की प्रतियोगिताएं जैसे दीया साज-सज्जा, रंगोली प्रतियोगिता एवं कचरे से सर्वश्रेष्ठ उत्पाद बनाने में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें एम एड, बी एड एवं डी एड के करीब 30 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। संस्थान के निदेशक एवं संयुक्त निदेशक ने इन छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन पर अपना फैसला सुनाया एवं पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने कॉलेज के छात्रों और संकाय सदस्यों को भी दिवाली की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों के बीच मिठाइयां भी बांटी गई।

इस अवसर पर स्कूल गतिविधि के रूप में विशेष विद्यालय के करीब 400 विद्यार्थियों ने दिया पेंटिंग किए। दिवाली उत्सव के लिए यहां के विद्यार्थियों के द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों जैसे आभूषण, मोमबत्तियां, दीयों, लाइट, पेपर बैग इत्यादि का एक प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत यहां के स्कूल के शिक्षकों एवं कॉलेज के छात्रों के द्वारा गाए गए भक्ति गीत से की गई। गाने के क्रम में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने खूबसूरती के साथ वाद्य यंत्र बजाए। विशेष आवश्यकता वाले छात्र शैंकी ने अपने गाने के साथ साथ वाद्य यंत्र भी बजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यहां के विशेष विद्यालय के छात्रों, कॉलेज के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियां पेश की गई।

इस कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय की प्राचार्या डॉ वाणी रत्नम, कॉलेज के कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ के. रवि, प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा, क्लीनिक इंचार्ज सुश्री स्नेह लता एवं अन्य अधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का खूब लुत्फ उठाया। सुश्री आशिमा शर्मा, सुश्री अल्पना, सुश्री रितिका और सुश्री अनीसा कार्यक्रम के समन्वयक थे। श्री संदीप शर्मा और सुश्री अंजलि ने कार्यक्रम का संचालन किया।

शिक्षक गण भक्ति गीत प्रदर्शित करते हुए।

विद्यार्थी गन संदेश के साथ नृत्य प्रस्तुत करते हुए।

शिक्षक गन नृत्य प्रस्तुत करते हुए

डॉ. जसविंदर कौर, डॉ प्रीति अरुण और डॉ आर. वाणी रत्नम ने छात्रों द्वारा बनाए गए दीपों की प्रशंसा की।

कॉलेज के छात्र गन नृत्य प्रस्तुत करते हुए

डॉ जसविंदर कौर एवं डॉ प्रीति अरुण कॉलेज के छात्रों को पुरस्कार देते हुए

गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ. जसविंदर कौर, संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, विशेष विद्‌यालय की प्राचार्या डॉ आर. वाणी रत्नम, कॉलेज के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ के रवि, क्लीनिक इंचार्ज सुश्री स्नेह लता, प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा एवं विशेष विद्‌यालय, कॉलेज एवं क्लीनिक के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मी